# स्टार्टअप को पिच से फंडिंग तक का मंच देगा आइआइटी कानपुर

जागरण संवाददाता, कानपुर

▶ अपस्टार्ट-2026 में चार शहरों में होगी स्क्रीनिंग, संचालकों को मिलेगी विशेषज्ञों से मेंटरशिप

शुरुआती चरण के स्टार्टअप को निवेश, इनक्यूबेशन और उद्योग जगत से जोड़ने के लिए आइआइटी का प्रतिष्ठित मंच अपस्टार्ट-26 तैयार है। संस्थान के एंटरप्रेन्योरशिप सेल की ओर से आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की बिजनेस माडल पिचिंग प्रतियोगिताएं दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद और मुंबई में कराई जाएंगी। स्टार्टअप संस्थापकों को सिर्फ अपने बारे में बताने का अवसर नहीं मिलेगा, बल्कि विशेषज्ञों की सीधी सलाह और मेंटरशिप से अपने बिजनेस माडल को मजबूत करने का मौका भी मिलेगा।

आइआइटी के स्टार्टअप इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर के प्रभारी प्रो. दीपू फिलिप के अनुसार प्रतियोगिता का पहला चरण 10 अक्तूबर को दिल्ली में होगा। इसके लिए 30 सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। स्क्रीनिंग एक से तीन अक्टूबर तक होगी। बेंगलुरु और हैदराबाद में 24 अक्टूबर को प्रतियोगिता कराई जाएगी, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर है। स्क्रीनिंग 16 से 18 अक्टूबर के दौरान होगी। मुंबई में पांच दिसंबर को आयोजन, 26 नवंबर तक आवेदन और 28 से 30 नवंबर तक स्क्रीनिंग होगी। अपस्टार्ट-2026 में 18 लाख रुपये तक की पुरस्कार राशि रखी गई है। चयनित स्टार्टअप को मौके पर फंडिंग के साथ संस्थागत इनक्यूबेशन, उद्योग जगत से नेटवर्किंग,मीडिया एक्सपोजर का मौका मिलेगा। फिनटेक, हेल्थटेक, डीपटेक, वेब, साइबर सुरक्षा समेत विभिन्न क्षेत्रों के शुरुआती चरण के स्टार्टअप इसमें भाग ले सकते हैं। चुने गए प्रतिभागियों को कई सप्ताह की विशेषज्ञ मेंटरशिप दी जाएगी। 23 जनवरी 2027 को आइआइटी परिसर में फिनाले होगा।